


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 06 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 96 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# बंगाल में बाबरी की बुनियाद!

## लाखों की संख्या में जुटी भीड़, सिर पर ईंट लेकर पहुंचे समर्थक

● दूर-दराज से पहुंचे मुस्लिम धर्मगुरु, तीन लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने का दावा, मेहमानों के लिए तैयार की साठ हजार पैकेट शाही बिरयानी



**मुर्शिदाबाद/कोलकाता।** टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद जैसे डिजाइन में मस्जिद निर्माण के फैसले ने पश्चिम बंगाल में जोरदार घमासान खड़ा कर दिया है। BJP ने आरोप लगाया है कि यह कदम लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने के लिए उठाया जा रहा है। वहीं TMC ने इसे बेबुनियाद करार दिया और दावा किया कि कबीर BJP के इशारे पर अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका आज सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवंबर को कहा था कि वे 6 दिसंबर को अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। टीएमसी ने 4 दिसंबर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। कार्यक्रम से पहले हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा कि हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें रची जा रही हैं। लेकिन मैं बेलडांगा में मस्जिद की नींव रखूंगा। कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे। कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इनकार किया था। कोर्ट ने कहा- कार्यक्रम के दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद हुमायूं कबीर ने मस्जिद की नींव रखी।

### भाजपा बोली-यह मुस्लिम वोट बैंक खींचने की राजनीति

भाजपा नेता दिलीप घोष ने मुर्शिदाबाद में बाबरी के नाम पर मस्जिद के शिलान्यास पर कहा- आज शौर्य दिवस है, संहति दिवस नहीं। आज के दिन बाबरी ढांचे को हटाया गया, विदेशी आक्रांताओं के निशान को मिटा दिया गया। कोर्ट के आदेश के बाद वहां एक भव्य राम मंदिर बना। लोग उन लोगों को पहचानने लगे हैं जो राजनीतिक लाभ के लिए मुसलमानों को गुमराह करते हैं। टीएमसी और हूमायूं कबीर के बीच तालमेल है। यह मुलिम वोट बैंक खींचने की राजनीति है।

### बाबरी मस्जिद के पूर्व पक्षकार बोले-बाबर हमारा मसीहा नहीं

**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने कहा कि छह दिसंबर को याद करने की अब जरूरत नहीं है। नौ नवंबर 2019 को राम मंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है। हिंदू और मुसलमान दोनों ने माना है। इसलिए अब छह दिसंबर मनाने की कोई जरूरत नहीं है। अयोध्या में रोजगार बढ़ा है, अमन चैन कायम है। इकबाल अंसारी ने मुर्शिदाबाद में टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर की ओर से बाबरी मस्जिद की नींव रखने का विरोध करते हुए कहा कि बाबर हमारा मसीहा नहीं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ गया, मुसलमानों को पांच एकड़ जमीन मिल गई। राम जन्मभूमि पर मंदिर बन गया। हिन्दू-मुस्लिम का अब कोई विवाद नहीं है। अब इसकी जरूरत नहीं।

### मैनपुरी में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त, धरने पर बैठे विधायक

**मैनपुरी।** परिनिर्वाण दिवस पर कस्बा किशनी के कृष्णा नगर स्थित पार्क में स्थापित डॉ. आंबेडकर प्रतिमा को अराजकतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जानकारी होते ही समर्थकों में नाराजगी फैल गई। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक समर्थकों के साथ पार्क में ही धरने पर बैठ गए। सूचना पर डीएम और एसपी ने मौके पर पहुंच विधायक को कार्रवाई का आश्वासन दिया। परंतु विधायक और समर्थक अराजकतत्वों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। कस्बा किशनी के मुहल्ला कृष्णा नगर स्थित आंबेडकर पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस से एक दिन पूर्व शुक्रवार की रात अराजकतत्वों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी गई। शनिवार सुबह आठ बजे के करीब जब समर्थक पार्क में पहुंचे तो उन्हें इसकी जानकारी हो सकी। जिससे समर्थकों में नाराजगी फैल गई।

### संकट के बीच एयरलाइंस के मनमाने किराए पर केंद्र का एक्शन

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने पिछले पांच दिनों में 1000 से अधिक उड़ानों को रद किया है, जिससे दिल्ली, मुंबई सहित देश के कई एयरपोर्ट पर यात्रियों में अफरा तफरी मच गई है। केंद्र सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एयरफेयर कैप लगाने का फैसला लिया है। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने कहा कि सभी प्रभावित रूट पर सही और वाजिब किराया पक्का करने के लिए रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। इस फैसले से हवाई टिकट के किराये में बढ़ोतरी नहीं हो सकेगी, इससे बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिलने की संभावना है।

### उत्तर भारत में बारिश-बर्फबारी से कई राज्यों में तापमान जीरो

**दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती प्रणालियों ने पहाड़ों से लेकर मैदानी राज्यों तक ठंड को तीखा कर दिया है। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में शीतलहर का असर गहराता जा रहा है। जबकि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में शून्य से नीचे तापमान से जनजीवन चुनौतीपूर्ण बना दिया है। ताजा अपडेट के अनुसार दिसंबर की शुरुआत के साथ ही उत्तर भारत के मौसम में तेज बदलाव दर्ज किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बर्फबारी की संभावना बढ़ी है, मैदानी राज्यों में ठंड ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

### ट्रेलर-डीसीएम की भिड़ंत, दो की मौत और पांच घायल

**संतकबीर नगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भुजैनी चौराहे के पास शनिवार की भोर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रेलर और डीसीएम की आमने-सामनेजोरदार टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। बस्ती से गोरखपुर जाने वाली लेन में कांटे चौकी के पास टूटे हाईवे की मरम्मत का कार्य चल रहा था। इस कारण कांटे से भुजैनी चौराहे तक वनवे व्यवस्था लागू थी, लेकिन कर्मचारियों द्वारा भुजैनी चौराहे से वन वे होने का कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगाया गया था।

# कफ़ सिरप माफिया के घर कब चलेगा बुलडोजर

## चाभी खो गयी या ड्राइवर भाग गया

● एसटीएफ के शामिल होने का भी लगाया आरोप



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कफ सीरप मामले में यूपी सरकार पर सवाल उठाए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई नहीं होने को लेकर सरकार की बुलडोजर नीति पर तंज कसा है। उन्होंने कफसीरप शुभम समेत अन्य सभी के घर बुलडोजर चलाए जाने की तारीख पूछी है। सपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी सरकार में बाबा का जो बुलडोजर न्याय देता था, वो बुलडोजर कहां है? क्या बुलडोजर की चाबी खो गई या ड्राइवर ही बुलडोजर छोड़कर भाग गया? अब तक यहां कोई सुनवाई नहीं होती थी केवल बुलडोजर चलता था वो अब कफसीरप माफिया पर क्यों नहीं चल रहा है। उन्होंने आरोप भी लगाए कि कफसीरप कांड में एसटीएफ के लोग शामिल हैं इसलिए बुलडोजर नहीं चल रहा है। जो लोग दबाना चाहते हैं उसमें सबसे ज्यादा जौनपुर के लोग शामिल हैं। इन सभी को वहां पर कौन पोस्टिंग दिलाता था इसकी भी जांच हो।



### गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात इंटरनेट मीडिया पर कथित अनर्गल, विवादित व देश विरोधी पोस्ट करने की आरोपित भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने माना है कि विवेचना अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के दो सदस्यीय खंडपीठ के आदेश के बावजूद अभियुक्त विवेचना में सहयोग नहीं कर रही है, जबकि दो सदस्यीय खंडपीठ के इस आदेश के विरुद्ध उसकी विशेष अनुमति याचिका भी सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है। यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने पारित किया है।

# फीफा विश्व कप का ऐलान


## उद्घाटन 11 जून को मेक्सिको में

● स्पेन-पुर्तगाल समेत कई बड़ी टीमें ग्रुप ऑफ डेथ में शामिल

● अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से करेंगे आयोजन



**वॉशिंगटन।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप औपचारिक रूप से घोषित कर दिए गए हैं। यह घोषणा वॉशिंगटन डीसी में आयोजित भव्य ड्रॉ समारोह के दौरान हुई। इसी के साथ दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट के कार्यक्रम से पर्दा उठ गया। इस बार विश्व कप का उद्घाटन मुकाबला 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा, जिसमें मेजबान देश मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे। यह पहला मौका होगा जब तीन देश अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा, साझा रूप से विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। यह ड्रॉ पूरी तरह सितारों से सजा हुआ कार्यक्रम था। मंच पर खेल और मनोरंजन जगत् की कई जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी रही। प्रसिद्ध कलाकारों और संगीतकारों की प्रस्तुतियों ने समारोह को दुनिया भर में खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान 12 ग्रुपों की घोषणा की गई, जिसका संचालन इंग्लैंड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर रियो फर्डिनेंड ने किया, उनके साथ बास्केटबॉल सुपरस्टार शकील ओ'नील, एनएफएल के महान खिलाड़ी टॉम ब्रैडी, आइस हॉकी के दिग्गज वेन ग्रेट्जकी और बेसबॉल स्टार एरॉन जज सहायक के रूप में मौजूद रहे।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 06 दिसम्बर, शनिवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





# मुस्लिम बहुल इलाकों में दुकानें बंद

## प्रशासन अलर्ट, संवेदनशील स्थलों को हाई सिक्योरिटी लिस्ट में रखा गया



● जगह-जगह पुलिस तैनात, सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग

● गोदौलिया से गंगा तट तक फुट पेट्रोलिंग, रैन बसेरा में देखे गए आईडी प्रूफ

**वाराणसी।** वाराणसी में शनिवार सुबह से शहर हाईअलर्ट मोड पर है। जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात है तो संवेदनशील स्थलों को हाई सिक्योरिटी लिस्ट में रखा गया है। वहीं आज बाबरी विध्वंस की बरसी पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बंदी का माहौल रहा। दालमंडी में कई मुस्मिल क्षेत्रों में आज दुकान बंद रखकर बाबरी विध्वंस पर रोष प्रकट किया गया। मिली जुली आबादी वाले इलाकों में भी मुस्लिम वर्ग की दुकानें बंद देखी गयी। दालमंडी, नई सड़क, मदनपुरा गोलगड्डा, लल्लापुरा, बड़ी बाजार, बजरडीहा, लोहता आदि इलाकों में अधिकांश दुकानें बंद रहीं। इस दौरान पुलिसकर्मियों से लेकर अफसर तक सक्रिय नजर आ रहे हैं। देर रात तक मंदिर, गलियों से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और रेनबसेरा में पुलिस टीम ने मौजूद लोगों की आईडी चेक की गई। 6 दिसंबर को अयोध्या में विवादित ढांचा विध्वंस की बरसी को लेकर जिले में मंदिरों, घाटों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सिविल ड्रेस में भी पुलिस निगरानी में लगी है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता है। अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा के नेतृत्व में गोदौलिया से गंगा घाट तक फुट पेट्रोलिंग की गई। घाटों पर संदिग्धों की पहचान के लिए आईडी प्रूफ देखे जा रहे हैं। विश्वनाथ मंदिर के आसपास चेकिंग अभियान चल रहा है। एडिशनल सीपी ने बताया कि गंगा आरती स्थल पर जल पुलिस, एनडीआरएफ और पुलिस बल की तैनाती पहले से है। यहां संदिग्ध दिखने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया है। फुट पेट्रोलिंग के दौरान एडीसीपी काशी सरवणन टी., एसीपी दशाश्वमेध डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी और थाना प्रभारी अलर्ट हैं।




## SIR को रफ्तार देने सड़क पर उतरीं राजनीतिक पार्टियां



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR) को गति देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने व्यापक अभियान चलाया। विभिन्न क्षेत्रों में बूथों पर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की स्थिति का जायजा लिया और आम नागरिकों से फॉर्म भरने में सहयोग की अपील की । इस अभियान के तहत प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने दुर्गाकुण्ड स्थित अंध विद्यालय के बूथ संख्या 312,313,314,315 आदि बूथों का औचक निरीक्षण किया और वहाँ मतदाताओं से संपर्क करते हुए जागरूकता अभियान चलाया। जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया कि कुछ दिन पुर्व आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने SIR को लेकर मध्यमेश्वर मंडल के कई वार्डो में कार्यकर्ताओ संग जागरूकता अभियान चलाया था! इस दौरान पार्षद अक्षयबर सिंह, सौरभ पाठक, संतोष सैनी, संजय मिश्रा, सौरभ राय आदि साथ रहे।

### मंत्री ने घर-घर जाकर की अपील



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश सरकार के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने शुक्रवार को (388) शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड पांडेयपुर, वार्ड शिवपुर व वार्ड तरना में पार्षदगण, मंडल पदाधिकारीगण, बीएलए व वरिष्ठजनों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का फार्म घर-घर जाकर लोगो से भरवाने के लिए अपील किया। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर मतदाता सूची में है, तो उसे कई स्थानों पर इन्यूमेरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) प्राप्त हो सकता है, लेकिन उसे केवल एक ही गणना प्रपत्र पर भरने होंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता अपना गणना प्रपत्र अविलंब भरकर बीएलओ के पास जमा कर दें।

## सपा के रोहनिया तथा सेवापुरी विधानसभा के सेक्टर व बूथ प्रभारियों की बैठक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के वीरभानपुर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को दोपहर में पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में एस आई आर को लेकर रोहनिया विधानसभा तथा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के जोन व सेक्टर तथा बूथ प्रभारियों की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एस आई आर के प्रभारी, पूर्व मंत्री एवं विधायक रामअचल राजभर ने बताया कि जो भी एस आई आर फॉर्म आप लोग भरेंगे उसमें नवीनतम फोटो सभी लोगों का लगाना जरूरी है और अपना व अपने अभिभावक का एपिक नंबर जरूर दर्ज करें तथा वर्ष 2003 में दर्ज नाम को ही फार्म में भरें अलग से कोई नाम के साथ टाइटिल न जोड़ें अन्यथा आपका फॉर्म कैंसिल भी किया जा सकता है।

## एसआईआर को समय से पूरा कराने के लिए राजनैतिक दलों से डीएम ने भी की अपील



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया को सुचारु और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर एसआईआर से संबंधित कार्यों की प्रगति एवं चुनौतियो पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एसआईआर कार्य में बीएलओ का पूर्ण रूप से सहयोग किए जाने हेतु बीएलए को अपने स्तर से निर्देशित किए जाने हेतु राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की। विशेष रूप से जिन क्षेत्रों में कार्य धीमी है, वहां राजनैतिक दलों के लोग अपने बीएलओ से बीएलओ का पूर्ण रूप से सहयोग करने हेतु कहा। ताकि निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को प्रत्येक दिशा में पूर्ण किया जा सके।

## बीएचयू संघ भवन मामले में अगली सुनवाई 14 दिसंबर को

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय में स्थित पूर्व आरएसएस संघ भवन को पुनः संचालित किए जाने से संबंधित वाद में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) शमाली मित्तल की अदालत ने आदेश जारी करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति के विरुद्ध एक्स-पार्टी (एकतरफा) कार्रवाई का निर्देश पारित किया। वादी प्रमील पाण्डेय की ओर से अधिवक्ताओं गिरीश चंद्र उपाध्याय और मुकेश मिश्रा ने अदालत को अवगत कराया कि प्रतिवादी संख्या 2 के रूप में नामित बीएचयू कुलपति न तो अब तक अदालत में उपस्थित हुए हैं, न कोई प्रतिउत्तर या एफिडेविट प्रस्तुत किया गया है। वादी पक्ष ने तर्क दिया कि इतने गंभीर प्रकरण के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया न आना घोर लापरवाही को दर्शाता है।

## बीजेपी नेत्री के आरोपों पर बिफरी महिला कांग्रेस



● फर्जी एग्रीमेंट बनाकर सच नहीं छिपाया जा सकता

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बीजेपी नेत्री शालिनी यादव द्वारा गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सुप्रिया श्रीनेत्र, महानगर अध्यक्ष वाराणसी समेत कांग्रेस जनों के ऊपर लगाए गए आरोपों पर शुक्रवार को वाराणसी महिला कांग्रेस द्वारा पत्रकार वार्ता कर भाजपा नेत्री शालिनी यादव तमाम आरोपों का खंडन करते हुए उन्हें आईना दिखाया। पत्रकार वार्ता की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस अनुराधा यादव व महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस पूनम विश्वकर्मा में किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस अनुराधा यादव, महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस पूनम विश्वकर्मा व पूर्व पीसीसी सदस्य वरिष्ठ महिला नेत्री पूनम कुंडु ने संयुक्त रूप से कहा कि फर्जी एग्रीमेंट बनाकर सच नहीं छिपाया जा सकता। भाजपा नेत्री शालिनी यादव के फ्लैट से सेक्स रैकेट पकड़ा गया। 'स्पा सेंटर' की आड़ में जिस्मफरोशी का कारोबार चल रहा था। अब जब सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ, तो जल्दबाज़ी में फर्जी एग्रीमेंट दिखाकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की जा रही है। BJP की नेत्री 'कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले यह स्पष्ट करें पति के नाम से अगर फ्लैट है तो उसमे पत्नी का अधिकार नहीं होता है क्या? शालिनी यादव को कांग्रेस पहले ही निष्कासित कर चुकी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र, वाराणसी के महानगर अध्यक्ष के खिलाफ लगाए गए आरोप मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है फ्लैट अरुण यादव के नाम है, लेकिन संचालन कौन करता था? क्या पति-पत्नी अलग रहते हैं? यदि हाँ, तो कब से और इसका प्रमाण क्या है? जब निष्पक्ष भारत दूत अखबार का ऑफिस उसी फ्लैट में चल रहा था, तो सारी गतिविधियों की जानकारी किसके पास थी? आठ माह सेक्स रैकेट चल रहा है क्या फ्लैट मालिक को कोई जानकारी नहीं था?

## नमो घाट पर सांस्कृतिक संध्या : तमिल और काशी के कलाकारों ने किया भाव विभोर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी तमिल संगमम 4.0 संस्करण का चतुर्थ दिवस नमोघाट स्थित मुक्ताकाशी प्रांगण में सम्पन्न हुआ जिसमें तमिलनाडु एवं काशी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कलाकारों की प्रस्तुति से दर्शक भाव विभोर हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति महेंद्र यादव वाराणसी के बिरहा गायन से हुई। हारमोनियम पर धीरज कुमार, कोरस पर पिंटू, सुभाष, रामचन्द्र तथा ढोलक पर बच्चेलाल ने संगत किया। द्वितीय प्रस्तुति रविचंद्रन एवं दल, तमिल नायडू द्वारा ओलियट्टम लोक नृत्य से की गयी। तृतीय प्रस्तुति मांडवी सिंह ने कथक नृत्य से दी। गायन एवं हारमोनियम पर गौरव मिश्रा, तबला पर भोलानाथ मिश्रा एवं देव नारायण, सारंगी पर ओम सहाय ने साथ दिया। चतुर्थ प्रस्तुति में नंदिनी सिंह द्वारा लोक नृत्य कजरी प्रस्तुत किया। कलाकार थे काश्वि सिंह, तानाश्री मिश्रा, अक्षया प्रजापति, अक्षधा सिंह, श्रुति मंगलम, आराध्या मिश्रा, वर्तिका, अलंकृता। पंचम प्रस्तुति में रविचंद्रन एवं दल, तमिल नायडू द्वारा थप्पट्टम लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन किया सुजीत कुमार चौबे ने किया।

## थाने में लगी किशोरी चौपाल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आशा ट्रस्ट और लोक समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे महिला हिंसा विरोधी पखवाड़े के तहत शुक्रवार को बुनकर दिहाड़ी मजदूर संगठन, किशोरी संगठन और महिला स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिलाओं और लड़कियों को थाना कपसेठी भ्रमण करवाया गया। सेवापुरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आई महिलाओं और किशोरियों ने थाने के अंतर्गत होने वाली प्रशासनिक कार्यवाइयों के बारे में जानीं इस दौरान थाना में चौपाल लगाई गयी। थाना चौपाल में उपस्थित थानाध्यक्ष एस आर गौतम ने विस्तार से लड़कियों और महिलाओं को उनके अधिकार और विभिन्न कानूनों की जानकारी दिया। आपातकाल के दौरान मदद के लिये शुरू किये गए हेल्पलाइन लाइन नम्बर का इस्तेमाल करने के बारे में लड़कियों को जानकारी दी।

## दिल्ली में भव्य 'सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' का आयोजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** देश में पुनः सुरक्षा, संस्कृति एवं शौर्य का जागरण हो, इसके लिए भारत को विश्वकल्याणकारी 'सनातन राष्ट्र' के रूप में उभरना अत्यावश्यक है। इसी संदेश को देशभर पहुंचाने के लिए 'सेव कल्चर सेव भारत फाउंडेशन' द्वारा प्रस्तुत एवं सनातन संस्था द्वारा आयोजित भव्य 'सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' दिसंबर में नई दिल्ली (इंद्रप्रस्थ) स्थित 'भारत मंडपम् में आयोजित होगा, यह जानकारी सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव स्वागत समिति के सदस्य सद्गुरु निलेश सिंगबाळजी ने पराडकर स्मृति भवन में हुई पत्रकार परिषद में दी। इस समय सनातन संस्था के संजय सिंह, प्राच्यम के संस्थापक प्रवीण चतुर्वेदी, वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा भी उपस्थित थे। सनातन संस्था के संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली का यह महोत्सव राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक होने जा रहा है।

## मिट्टी की पुनर्जीवन पद्धतियों पर विशेष जोर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान–दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र आइसार्क, ने आज अपने परिसर में विश्व मृदा दिवस 2025 के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मिट्टी के स्वास्थ्य के महत्व को सतत कृषि और दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक तत्व के रूप में रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास के जिलों से आए 30 किसानों, आइसार्क के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर मृदा प्रबंधन से संबंधित ज्ञान, स्वदेशी तकनीकों और व्यवहारिक समाधानों पर विचार-विमर्श किया।

## शहर के जागरूक नागरिकों को नगर निगम से जोड़ा जाए : कमिश्नर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मंडलायुक्त वाराणसी एस. राज लिंगम द्वारा शुक्रवार को नगर निगम वाराणसी की सफाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। बैठक में शहर की स्वच्छता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि नगर निगम अपने सभी उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करे। शहर में स्थित खाली प्लॉटों की सफाई अभियान चलाकर नियमित रूप से, विशेषकर साप्ताहिक आधार पर की जाए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों को फील्ड में सक्रिय रूप से मौजूद रहने सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। यदि आम नागरिक सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकते पाए जाएं तो उन्हें जागरूक और प्रेरित किया जाए। शहर के जागरूक नागरिकों को निगम से जोड़ा जाए, जिससे सामुदायिक सहभागिता बढ़े।

### नगर आयुक्त ने किया परेड कोठी नगर निगम भूमि का निरीक्षण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा कैंट स्थित परेड कोठी क्षेत्र में नगर निगम की भूमि, जो कूड़ा गाड़ी स्टैंड के पास स्थित है, का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य उक्त स्थान पर सिटी बसों हेतु चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने की संभावनाओं का परीक्षण करना था। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा रोडवेज विभाग के ए.आर.एम. को भी निर्देशित किया गया।

## भारत सुरक्षा परिषद् की 42वीं वर्षगांठ 7 दिसम्बर को

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारत सुरक्षा परिषद् की 42वीं वार्षिकोत्सव एवं राष्ट्रीय (अवार्ड) अलंकरण समारोह-2025 का आयोजन देश की सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में 7 दिसम्बर, रविवार को मैदागिन स्थित गर्दे सभागार पराड़ स्मृति भवन में आयोजित की गयी है जिसमें भारतीय मूल के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कला, सगीत, सांस्कृतिक, शिक्षा, विधि, पत्रकारिता, साहित्य, शिक्षा, सामाजिक कार्य आदि में विशिष्ट योगदान के लिए अहर्ता धारक को राष्ट्रीय सम्मान बनारस श्री, बनारस रत्न, बनारस गौरव, साहित्य भूषण, एवं बनारस भूषण अवार्ड (अलंकरण) से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सुरक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद् के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डा. जे.पी. सिंह करेंगे। यह जानकारी परिषद् के सचिव राजकुमार सिंह ने दी है।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

# गोरखपुर समाचार

## फ्लाइटें रद्द, ट्रेन बना सहारा- मुंबई और दिल्ली के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें-जानिए कब से



**गोरखपुर।** इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के निरस्तीकरण के बाद रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए गोरखपुर-मुंबई और गोरखपुर-आनंद विहार (दिल्ली) के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है।
रेलवे अधिसूचना के अनुसार, सात दिसंबर को गोरखपुर से एलटीटी के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह 05587 गोरखपुर-एलटीटी स्पेशल ट्रेन रात 11:25 बजे गोरखपुर से प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह नौ बजे एलटीटी पहुंचेगी।
इसके अलावा, सात और आ' दिसंबर को गोरखपुर-आनंद विहार के लिए 05591 स्पेशल ट्रेन हमसफर रेक से चलेगी। यह ट्रेन शाम छह बजे गोरखपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

# मऊ समाचार

## 12 दिसंबर को सीएम ग्रामोद्योग और माटी कला योजना पर जागरूकता कार्यक्रम

**मऊ।** मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आगामी 12 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन व्हाईट पैलेस, निजामुद्दीनपुरा, मऊ में होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के अनुसार, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इच्छुक प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना हेतु वित्तीय सहायता एवं ऋण अनुदान की प्रक्रिया से अवगत कराना है, जो बैंकों के माध्यम से नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएगी।
कार्यक्रम में 50 निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही जनपद के प्रत्येक विकास खंड से दो ग्राम प्रधानों को सम्मानित किए जाने की भी योजना है।

# चंदौली समाचार

## कारोबारी की लाठी-डंडे से पीटकर की हत्या



**चंदौली।** जिले की कोतवाली के नोनार तुलसी आश्रम स्टेशन के समीप अमड़ा पचखरी मार्ग पर शुक्रवार सुबह पांच बजे एक युवक ने मामूली विवाद के बाद नोनार गांव निवासी कारोबारी ओमप्रकाश मौर्य उर्फ उमाशंकर (60) की लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि टहलने निकले कारोबारी ओमप्रकाश मौर्य से राह चलते आरोपी से शरीर छू गया। कारोबारी ने आरोपी से कहा कि ठीक से चलो। इस पर आरोपी युवक ने कहा कि मैं जैसे चलूं मेरी मर्जी। कारोबारी ने उसकी उटपटांग जवाब पर कहा पागल हो क्या। इसी बात पर आरोपी ने लाठी डंडे से पीट कर कारोबारी की हत्या कर दी।कारोबारी की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और आरोपी के गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। देर शाम पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से कमजोर है। तुलसी आश्रम कस्बा के नोनार गांव निवासी ओमप्रकाश मौर्य उर्फ उमाशंकर की नोनार कस्बे में शॉपिंग मॉल के साथ ही किराना और कपड़े की दुकान है। पूरे इलाके में वे चर्चित रहे। रोजाना ओमप्रकाश मौर्य सुबह टहलने के लिए निकलते थे। शुक्रवार सुबह भी रोजाना की तरह ओमप्रकाश मौर्य टहलने के लिए निकले थे। घर से निकलकर अमड़ा पचखरी मार्ग पर पहुंचे और रेलवे लाइन पार करके थोड़ा दूर आगे ही बढ़े हुए थे।

# जौनपुर समाचार

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने डीआरसी प्रक्रिया के लिए जारी किए निर्देश

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश 2024 के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य विभागीय शोध समिति (डीआरसी) प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। विश्वविद्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों, शोध निर्देशकों और संबद्ध महाविद्यालयों को इन नियमों का कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया है। जारी निर्देशों के अनुसार, सीएसआईआर की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) तथा कनिष्ठ अनुसंधान छात्रवृत्ति (जेआरएफ) में जेआरएफ, नेट अथवा केवल पीएचडी हेतु पात्र श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा से छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट सभी विषयों पर समान रूप से लागू होगी। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रवेश परीक्षा से छूट केवल नेट-जेआरएफ तक सीमित नहीं है।

# गाजीपुर समाचार

## विश्वकर्मा समाज के चौपाल में हरेंद्र विश्वकर्मा चुने गए चौधरी



**गाजीपुर (जनमुख डेस्क)।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम सभा हाजीपुर बरेसर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तथा विश्वकर्मा समाज के प्रतिष्ठित नेता हरेंद्र विश्वकर्मा समाज के चौधरी चुने गए।हरेन्द्र विश्वकर्मा के हाजीपुर बरेसर स्थित नवनिर्मित भवन के गृह प्रवेश के मांगलिक अवसर पर विश्वकर्मा समाज के 25 परगना के चौधरी, सरपंच, एवं समाज के सम्भ्रांत लोगों की आयोजित चौपाल में हरेंद्र विश्वकर्मा को जहुराबाद परगना का सर्वसम्मति से चौधरी चुना गया। तथा चौधरी और सरपंचों द्वारा परंपरागत रस्म पगड़ी बांधकर सम्मानित करते हुए पदभार ग्रहण कराया गया। चौपाल में परंपरागत सामाजिक रूढ़ियों और कुरीतियों पर चर्चा करते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की गई, और इसके खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। चौपाल में आगामी पंचायत चुनाव में विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों को समर्थन और सहयोग करने का निर्णय किया गया। इस अवसर पर प्रीतिभोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। चौपाल कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री- रामनरायन विश्वकर्मा, राम अवतार विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, मोती विश्वकर्मा, प्रभुनाथ, विशाल, राजकुमार, सहतु, रामविलास, रामदरश प्रेम चन्द, झुरी, हरिकृतन, सुरेश, रामविलास, कन्हैया लाल, संजय, डां एस0 एन0 शर्मा, लल्लन शर्मा, सहित जनपद मऊ एवं गाज़ीपुर के चौधरी गण सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

# बलिया समाचार

## सूंघने की क्षमता प्रभावित, ओपीडी में साइनस के बढ़े मरीज

**बलिया।** जनपद में पिछले दो दिन में तापमान डेढ़ से दो डिग्री सेल्सियस कम हुआ है। बढ़ती ठंड के कारण साइनस के रोगी बढ़ रहे हैं। चार से पांच रोगी हर दिन पहुंच रहे। इस रोग से पीड़ितों की सूंघने की क्षमता प्रभावित हो रही । नाक में दर्द रहता है। जिला अस्पताल की ओपीडी में 1382 मरीज इलाज को पहुंचे, सबसे ज्यादा सांस रोगी, गले में खराश, सर्दी जुकाम, खांसी व त्वचा रोगी रहे। नए रोगियों के रूप में साइनस के रोगी दिखे। नाक से गंध न आने की शिकायत लेकर पहुंचे। फिजिशियन डॉक्टर पंकज झा ने बताया कि सर्दी से लोगों में साइनस संक्रमण बढ़ जाता है। इसमें बलगम बढ़कर नाक, आंख व माथे के आसपास जमा होने लगता है। इस कारण चेहरे में दर्द, नाक बंद, सिरदर्द आदि समस्याएं होती हैं। बताया ठंडी व शुष्क हवा के कारण नमी खत्म होने के कारण यह तेजी से फैलता है।

# प्रयागराज समाचार

## 5 साल के बच्चे की मौत:पिता बोले- मेरे बेटे को डॉक्टरों ने मार डाला



**प्रयागराज।** प्रयागराज में 5 साल के मासूम की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पिता बोले- डॉक्टरों ने मेरे बेटे को मार डाला। उन्होंने बच्चे की डेडबॉडी भी गायब कर दी है। गुस्साए परिजनों ने शनिवार सुबह एमजी रोड पर जाम लगा दिया। सड़क पर ही लेट गए। बोले- जब तक इंसाफ नहीं मिलेगा तब तक नहीं हटेंगे। इस दौरान करीब 2000 से अधिक गाड़ियां जाम में फंस गईं। सूचना मिलते ही पुलिस और अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। परिजनों की मांग है कि उन्हें तुरंत बच्चे का शव दिया जाए और अस्पताल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई हो। अमिलिया गांव के रहने वाले गुड्डू ने बताया- 30 नवंबर को मेरा 5 साल का बेटा वंश खेल रहा था। तार पर लकड़ी मारने के दौरान उसकी चपेट में आ गया। हम लोगों ने बेटे को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार सुबह 6 बजे जब डॉक्टरों को बुलाने गए तो उन्होंने कहा- चलो आते हैं। जब आए तो उसके सीने पर जोर-जोर से मारने लगे। बोले-आपका बेटा मर गया है। तुरंत पुलिस वालों को बुलाकर हमे बाहर निकाल दिया। मेरे बच्चे की मौत डॉक्टरों की लापरवाही के चलते हुई है। जाम खुलवा दिया गया है। परिजनों को समझाया जा रहा है। अगर वह पोस्टमार्टम कराने को राजी नहीं होते हैं तो सहमति लेने के बाद उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 'कल्पवास महात्म्य' संगोष्ठी को संबोधित किया

**प्रयागराज।** चंद्रशेखर आज़ाद सर्किट हाउस मैदान में महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में 'कल्पवास महात्म्य संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने कल्पवास को आत्मिक यात्रा की शुरुआत बताया। राज्यपाल आचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि कल्पवास केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह साधना, संयम और आत्मिक शुद्धि का मार्ग है। उन्होंने जोर दिया कि यह मन को शुद्ध करता है, जीवन में अनुशासन लाता है, और मनुष्य को असत्य से सत्य, अंधकार से प्रकाश तथा मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# आजमगढ़ समाचार

## चौपाल लगाकर महिलाओं-छात्राओं को किया जागरूक

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में शुक्रवार को पूरे जनपद में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा का अभियान चलाया गया। जिले की सभी एंटी रोमियो टीमों ने पार्क, बस स्टैंड, बाजार, मॉल, स्कूल-कॉलेज के आसपास एवं चिह्नित हॉट-स्पॉट स्थलों पर छापा मारा।
संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर कई के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई। युवतियों-महिलाओं से छेड़खानी करने वालों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई की गई। महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, बीसी सखी, लेखपाल, एएनएम, आशा बहुओं, ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं रोजगार सेवकों के साथ मिलकर गांव, वार्ड एवं न्याय पंचायत स्तर पर चौपाल लगाई।

# देवरिया समाचार

## बिना ओवरब्रिज बनाए ही चालू हो गया फोरलेन, अटक रही रफ्तार, हो रहे हादसे

**देवरिया।** गोरखपुर से देवरिया होते हुए सलेमपुर के रास्ते बलिया तक जाने वाली फोरलेन सड़क पर चौड़ीकरण के दौरान देवरिया में टू लेन ओवरब्रिज के बगल में नया ओवरब्रिज ही नहीं बनाया। इसी तरह चौरीचौरा में केवल एक ही लेन में पुल बनाया गया। इस वजह से आए दिन इस सड़क पर जाम लगता है। कोहरे में हादसे भी हो रहे हैं। साल भर पहले इस सड़क को नेशनल हाईवे घोषित कर दिया गया लेकिन हालत में बहुत अधिक अंतर नहीं आया। गोरखपुर-देवरिया-सलेमपुर मार्ग बलिया और बिहार से जुड़ा होने के चलते पहले से ही व्यस्त है। चार साल पहले इसको फोरलेन बनाने का काम शुरू होने पर बेहतर आवागमन की उम्मीद जगी। सड़क का निर्माण पूरा होने पर राहत मिली भी लेकिन देवरिया और चौरीचौरा में पुल के अभाव में यह सफर बेहद कठिन हो गया। गोरखपुर की तरफ से चलने पर पहली बाधा चौरीचौरा में ही मिलती है। यहां रेलवे क्रॉसिंग पर पर ओवरब्रिज बनने में कई साल लग गए। यह ओवरब्रिज एक ही लेन में है, जबकि दूसरे लेन की जगह खाली है। ऐसे में एक ही लेन वाले ओवरब्रिज पर दोनों लेन के वाहनों का आवागमन होता है। इसलिए तेज रफ्तार से आए वाहनों को यहां रुकना पड़ता है। अक्सर यहां इसी वजह से हादसे हो जाते हैं। चौरीचौरा वाली स्थिति ही देवरिया शहर के चकिया ढाला ओवरब्रिज पर है। देवरिया की तरफ से तेज से आए वाहन ओवरब्रिज के पास आकर रुक जाते हैं। वजह यह कि सामने वाले ओवरब्रिज पर से वाहन उतर रहे होते हैं। एक ही लेन में दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही के चलते अक्सर ही हादसे होते हैं।

# सुल्तानपुरद्द समाचार

## श्रद्धालुओं से भरी बस में ट्रेलर ने टक्कर, दो बार पलटी,15 घायल, एक महिला की मौत

**सुल्तानपुर।** कूरेभार चौराहे पर शनिवार अलसुबह बड़ा हादसा हो गया। अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक प्राइवेट टूरिस्ट बस को तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन पलट गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत राहत-बचाव कार्य में जुट गए और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, बस में महाराष्ट्र के जलगांव जिले के कलाने, तालुका दरंगा क्षेत्र के करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। हादसे में लगभग 15 यात्री घायल हुए। सभी घायलों को एंबुलेंस से कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉ. प्रयेश दीक्षित और उनकी टीम ने इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान 45 वर्षीय महिला श्रद्धालु वर्षा किरन पाटिल निवासी पुणे की मौत हो गई।

# सोनभद्र समाचार

## जन चैपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की सुनी जन समस्या



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0 एन0सिंह ने तहसील-राबट्र्सगंज क्षेत्रान्तर्गत, राजस्व ग्राम-मारकुण्डी के पंचायत भवन में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जन चैपाल आयोजित कर, शासन द्वारा जन कल्याणकारी/विकास योजनाओं का समयबद्ध एवं पूर्ण कियान्वयन, उनका लाभ जनता तक पहुंचाने तथा भयमुक्त समाज की स्थापना हेतु कानून व्यवस्था आदि बिन्दुओं पर ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देकर ग्राम-मारकुण्डी के गरीब, पात्र लाभार्थियों को चिन्हांकित करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं से हर हाल में आच्छादित किया जाये। ग्रामीणों को वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन के फार्म भरने, स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने, आयुष्मान कार्ड बनाने, श्रम विभाग की योजनाओं को लोगों जानकारी के लिए कैम्प का आयोजन किया जाये, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। समय-समय पर गांव का निरीक्षण भी कराया जाये, इस दौरान कमियां पाये जाने पर सम्बन्धितों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये।इसलिए सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी, तत्परता और पारदर्शिता के साथ शासन द्वारा निर्धारित बिन्दुओं से ग्राम पंचायतों को संस्तृप्त करते हुए जन कल्याणकारी व विकास परक कार्यक्रमों को मूर्त रूप दिया जाये। चैपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील किया कि प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति काफी कम रहती है, इसलिए अध्यापकों के साथ ही अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने में रूचि ले, जिससे बच्चों शिक्षा स्तर बढ़ सकें। जिलाधिकारी ने जन चैपाल के दौरान विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा करते हुए गांव में सरकारी योजनाओं से लाभान्वित पात्रों की सूची को पढ़कर ग्रामीणों के समक्ष सुनाया गया, जिससे चयनित पात्रों की सही जानकारी लोगों को हो सकें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पात्रता की श्रेणी में नहीं आता है। उसे सरकारी योजनाओं से न जोड़ा जाये।

# भदोही समाचार

## नवजात की मौत पर सवाल, 2 महीने में फिर कैसे मिल गया लाइसेंस

**ज्ञानपुर।** औराई के त्रिलोकपुर नहरा स्थित गुप्ता क्लीनिक के चिकित्सक की लापरवाही से नवजात की मौत के बाद एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। इस क्लीनिक में लापरवाही से मौत का यह चौथा मामला है। इसके बाद भी एक ही क्लीनिक को बार-बार लाइसेंस जारी किया जाना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। हर बार नाम बदलकर लाइसेंस लेना और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बिना भौतिक सत्यापन के ही लाइसेंस जारी कर विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। सीएमओ ने बताया कि अस्पताल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। औराई के त्रिलोकपुर नहरा स्थित गुप्ता पाली क्लीनिक के चिकित्सक की लापरवाही से बृहस्पतिवार को नवजात की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले क्लीनिक पर दीक्षितपुर चकौड़ा गांव निवासी शिवम पाल की पत्नी पम्मी पाल (25) का प्रसव हुआ था। चिकित्सकों की लापरवाही से उसकी तबीयत बिगड़ गई तो उसे उसके बगल स्थित एक अन्य क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया।
दो माह पहले ही यहां एक महिला की लापरवाही से इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उस दौरान संचालक पर मुकदमा दर्ज कराने के साथ-साथ अस्पताल को सीज कर दिया गया था। उसके बाद उसी अस्पताल को दूसरे नाम से लाइसेंस लेकर जारी कर दिया गया। इसके पहले भी यहां दो नवजातों की मौत हो चुकी है। हर बार कार्रवाई के नाम पर उसे बंद कराया जाता है लेकिन नया लाइसेंस लेकर चालू करा दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल का भौतिक सत्यापन किए बिना ही लाइसेंस जारी कर देना और बार-बार मौत होना, विभागीय भ्रष्टाचार को उजाकर कर रहा है।

# मीरजापुर समाचार

## मतदाता अपना गणना पत्रक भरकर जमा करे अन्यथा मतदाता सूची से रह जायेंगे वंचित –जिलाधिकारी



**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने एस0आर0आर0 प्रगति को बढ़ाने व किन्ही कारण से फार्म न जमा करने वाले मतदाताओ को फार्म जमा करवाने के सम्बंध में विभिन्न राजनैतिक दलो केपदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि अब तक 335839 असंग्रहणीय फार्म पाए गए है जिनमें अधिकांश मतदाताओं के द्वारा एस0 आई0आर0 गणना पत्रक भरकर नहीं दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो मतदाता पात्र है वे अपना फार्म भरकर अपने बी0एल0ओ0 को उपलब्ध करा दे या अपने बूथ पर जमा कर दे। अन्यथा नए मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उपरोक्त असंग्रहणीय फार्मो को मतदाता सूची से बी0एल0ए0 व राजनैतिक दलो के पदाधिकारी चेक करवा ले यदि किसी का नाम त्रुटिवश व किसी कारण से छूट गया हो तो उसे बी0एल0ओ0 को अवगत करा दे ताकि उनका नाम मतदाता सूची में संशोधित कर जोड़ा जा सकें। उन्होंने सभी राजनैतिक दलो से अपील करते हुए कहा कि एस0आई0आर0 फार्म भरने का अन्तिम दिन 11 दिसम्बर 2025 निर्धारित है अतएव समय रहते गांव/मोहल्लो में जागरूक करते हुए फार्म भरकर जमा करवाना सुनिश्चित करें ताकि शत प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची बनाया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, प्रवक्ता भाजपा ज्ञान प्रकाश दूबे, रविशंकर पाण्डेय, जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी प्रो0 बी0 सिंह, बासपा से सद्दाम राइन, मीडिया प्रभारी अपना दल एस शंकर सिंह चौहान, कांग्रेस पार्टी से छोटे खान, जिला सचिव कांग्रेस पार्टी कपिल सोनकर, नगर महासचिव सपा अनीस खान, प्रवक्ता समा. जवादी पार्टी अशोक सिंह, सी0पी0आई0एम0 से सौरभ कुमार सहित विभिन्न राजनैतिक दलो के पदाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# लाइफ मंत्र

## खरमास में क्यों नहीं होते विवाह, पढ़ें धार्मिक और ज्योतिषीय कारण

हिंदू धर्म में खरमास को ऐसा काल माना जाता है जब शुभ कार्य, विशेषकर विवाह और नए जीवन की शुरुआत, वर्जित मानी जाती है। यह वह अवधि होती है, जब सूर्य देव धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस समय ग्रहों की स्थिति शुभ कार्यों के फल को प्रभावित करती है। खरमास में विवाह न करने के पीछे धार्मिक, ज्योतिषीय और पारंपरिक सभी कारण मौजूद हैं।

**खरमास में विवाह करना क्यों होता है वर्जित?**

धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है कि जब सूर्य निष्क्रिय स्थिति में होते हैं, तब पृथ्वी पर शुभता का प्रभाव कम होता है। माना जाता है कि इस समय किए गए मांगलिक



कार्यों का परिणाम सामान्य मुहूर्त की तुलना में कम शुभदायी होता है। विवाह जैसे निर्णायक संस्कार पर ग्रहों के प्रभाव का विशेष महत्व है इसलिए खरमास के दौरान विवाह से बचने की सलाह दी जाती है।

**खरमास में शादी करने से पड़ते हैं ये प्रभाव**

**आर्थिक स्थिति अस्थिर हो सकती है**

ज्योतिषीय धारणा है कि इस अवधि में विवाह करने से दंपत्ति के जीवन में आर्थिक चुनौतियां बढ़ सकती हैं। धनागमन धीमा हो सकता है और खर्चों में अनिश्चितता बनी रहती है। रिश्ते में तनाव की संभावना ग्रहों का कमजोर प्रभाव दांपत्य जीवन में छोटी-बड़ी गलतफहमियों या तनाव को बढ़ा सकता है। ऐसा माना जाता है कि शुरुआती दिनों में ही तनाव आना रिश्ते की स्थिरता पर असर डाल सकता है।

**घर के माहौल में अशांति**

पारंपरिक मान्यता के अनुसार, खरमास के दौरान किया गया विवाह परिवार के वातावरण में अस्थिरता ला सकता है। गृहस्थ जीवन में शांति और संतुलन कमजोर पड़ सकता है।

**नई शुरुआत में बाधाएं**

ज्योतिष में कहा गया है कि खरमास में शुरू होने वाले कई कामों में रुकावटें आ सकती हैं इसलिए इस समय शादी करने से दाम्पत्य जीवन में छोटी-बड़ी कठिनाइयां बनी रह सकती हैं।

**क्या यह मान्यताएं ही सब कुछ हैं?**

आधुनिक दृष्टिकोण से देखें तो यह ज्योतिषीय विश्वास और धर्म-संस्कारों पर आधारित परंपरा मात्र है। आज कई लोग परिस्थिति, सुविधा या व्यक्तिगत निर्णय के आधार पर इसी अवधि में विवाह करते हैं और उनका जीवन सामान्य रूप से आगे बढ़ता है। रिश्तों की नींव प्रेम, विश्वास और समझ पर टिकी होती है, न कि केवल मुहूर्त पर। फिर भी जो परिवार पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं, वे शुभ मुहूर्त में ही शादी करना उचित मानते हैं ताकि वैवाहिक जीवन में सौभाग्य और स्थिरता बनी रहे।

## प्रियंका चोपड़ा नेजाह्नवी कपूर के जेंडर इक्वालिटी पर विचारों को सराहा, 'वी द विमेन एशिया' इवेंट का वीडियो छाया



प्रियंका चोपड़ा ने जाह्नवी कपूर के जेंडर इक्वालिटी पर दिए गए विचारों का समर्थन करते हुए उनके वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें जाह्नवी ने बातचीत और जागरूकता को समानता के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रियंका ने जाह्नवी के मंच पर की गई प्रस्तुति को 'बहुत बढ़िया' कहा और बातचीत शुरू करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर जाह्नवी कपूर का एक वीडियो शेयर करके जेंडर इक्वालिटी पर उनके विचारों का समर्थन किया। जाह्नवी मुंबई में हुए 'वी द विमेन एशिया' इवेंट में बोल रही थीं। अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर वीडियो शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा, 'यह एक बातचीत से शुरू होता है, तो मैं शुरू करती हूं। बहुत बढ़िया जाह्नवी कपूर (ताली बजाने वाला इमोजी)।' इवेंट में आए लोगों को संबोधित करते हुए जाह्नवी ने बताया कि बातचीत शुरू करना और बहस को बढ़ावा देना जेंडर इक्वालिटी हासिल करने की दिशा में कितने ज़रूरी कदम हैं। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए सच्ची समानता का क्या मतलब है, यह समझाने के लिए व्यक्तियों, खासकर पब्लिक में दिखने वाले लोगों की ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बातचीत से शुरू होता है, यह बहस से शुरू होता है, यह अपनी आवाज़ उठाने और लोगों को, आप जानते हैं, आपसे आगे वाली पीढ़ी को इस बारे में ज़्यादा जागरूक करने से शुरू होता है कि असल में समान होने का क्या मतलब है, क्योंकि एक महिला के तौर पर, मुझे सच में लगता है कि हम पूरी तरह से अजेय हैं, हमें बस इसे थोड़ा और समझने की ज़रूरत है। और सच में एक महिला होने से बड़ा कोई सौभाग्य नहीं है, हमें बस उसी तरह से ट्रीट किया जाना शुरू करने की ज़रूरत है।' प्रोफेशनल फ्रंट पर, प्रियंका एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित और महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन अभिनीत अपनी आने वाली तेलुगु फिल्म वाराणसी के साथ भारतीय सिनेमा में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म संक्रांति 2027 के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। एक्ट्रेस अमेरिकन एक्शन फिल्म द ब्लफ में भी नज़र आएंगी, जिसमें वह 19वीं सदी की कैरेबियन समुद्री डाकू का किरदार निभा रही हैं, और फिलहाल वेब सीरीज़ सिटाडेल के दूसरे सीज़न पर काम कर रही हैं।





## स्मृति मंधाना की सगाई की अंगूठी गायब! पलाश मुच्छल से शादी टलने के बाद भारतीय क्रिकेटर ने शेयर की पहली पोस्ट, फैंस हैरान

स्मृति मंधाना ने 23 नवंबर को म्यूज़िक कंपोज़र पलाश मुच्छल के साथ अपनी शादी टलने के बाद पहली इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर की है। यह सेरेमनी तब रोक दी गई जब स्मृति के पिता, श्रीनिवास मंधाना, अचानक बीमार पड़ गए और उन्हें उनके होमटाउन सांगली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन, पलाश भी बीमार पड़ गए और उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अब दोनों घर पर ठीक हो रहे हैं, लेकिन शादी की नई तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है।

**स्मृति मंधाना की नई पोस्ट क्या है**

नई पोस्ट में, भारतीय महिला क्रिकेटर ने एक ब्रांड के साथ पेड पार्टनरशिप, एक प्राइवेट कोलैबोरेशन का वीडियो शेयर किया है। हालांकि, इस वीडियो में स्मृति ने वर्ल्ड कप के हाई-प्रेशर वाले सेमी-फाइनल और फाइनल मैचों के दौरान अपनी भावनाओं का भी ज़िक्र किया। स्मृति मंधाना ने वीडियो में कहा, 'मुझे इंटरनेशनल क्रिकेट

**स्मृति मंधाना ने 23 नवंबर को म्यूज़िक कंपोज़र पलाश मुच्छल के साथ अपनी शादी टलने के बाद पहली इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर की है। यह सेरेमनी तब रोक दी गई जब स्मृति के पिता, श्रीनिवास मंधाना, अचानक बीमार पड़ गए और उन्हें उनके होमटाउन सांगली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

खेलते हुए 12 साल हो गए हैं, और हर बार हमारा दिल टूटा है। पूरे वर्ल्ड कप के दौरान, हम लगातार सोच रहे थे कि वह पल (जब भारत जीतेगा) कब आएगा। जब वह पल आया, तो मुझे लगातार एक बच्चे जैसा महसूस हुआ; मैंने ज़्यादा तस्वीरें नहीं लीं।' स्मृति ने वीडियो में आगे कहा, 'बैटिंग के दौरान, मैंने ज़्यादा नहीं सोचा, मैंने वही किया जो टीम को चाहिए था। लेकिन फील्डिंग के दौरान, मुझे सभी भगवान याद आ गए। पूरे 300 गेंदों के दौरान, मैं प्रार्थना कर रही थी, 'प्लीज़ हमें यह विकेट दे दो, प्लीज़ हमें वह विकेट दे दो।'' फैंस ने नई पोस्ट में गायब अंगूठी पर ध्यान दिया मंधाना का शुक्रवार को लेटेस्ट इंस्टाग्राम अपडेट एक बड़े टूथपेस्ट ब्रांड के साथ एक पेड कोलैबोरेशन था। हालांकि, जिस चीज़ ने फैंस का ध्यान खींचा, वह थी उनकी सगाई की अंगूठी का गायब होना। यह साफ नहीं है कि यह विज्ञापन सगाई समारोह से पहले शूट किया गया था या नहीं। इस पोस्ट ने ऑनलाइन चर्चाओं को जन्म दिया है, खासकर इसलिए क्योंकि स्मृति ने अपने सोशल मीडिया से शादी से संबंधित पिछली सामग्री हटा दी है, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं। दोनों पक्षों के परिवार के सदस्यों ने जनता को आश्वासन दिया है कि शादी टालने का कारण पूरी तरह से अप्रत्याशित मेडिकल स्थितियां थीं। पलाश की मां, अमिता मुच्छल ने उम्मीद जताई है कि रस्में जल्द ही फिर से शुरू होंगी।

**स्मृति मंधाना की शादी**

स्मृति मंधाना पहली बार तब सामने आईं जब कथित तौर पर पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी टाल दी गई। हालांकि, यह एक प्रमोशनल शूट था। इसका उनकी शादी से कोई लेना-देना नहीं है। हालिया डेवलपमेंट्स की बात करें तो, पलाश मुच्छल को हाल ही में प्रेम आनंद जी महाराज के आश्रम में देखा गया था। उनकी बहन, पलक मुच्छल ने पहले कहा था कि दोनों परिवार बहुत मुश्किल दौर से गुज़रे हैं और अभी ठीक हो रहे हैं। उन्होंने इस समय पॉजिटिव रहने और सिर्फ पॉजिटिव खबरें फैलाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। पलाश और स्मृति की शादी कब होगी, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि शादी दिसंबर में या नए साल में होगी। हालांकि, स्मृति के भाई, श्रवण मंधाना ने इन रिपोर्ट्स को पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें इन अफवाहों के बारे में कोई जानकारी नहीं है और शादी अभी भी टल गई है, और कोई नई तारीख अनाउंस नहीं की गई है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

## Dhurandhar रिलीज से पहले Yami Gautam का बड़ा बयान, फिल्मों के पेड प्रमोशन पर साधा निशाना



रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर की थिएट्रिकल रिलीज़ से एक दिन पहले, फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने साथियों से फिल्मों को प्रमोट करने के लिए पैसे देकर मार्केटिंग करने का कल्चर खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि फिल्म का अच्छा हाइप बनाने के लिए पैसे देने का 'ट्रेंड बढ़ रहा है'। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर, यामी ने पैसे की 'जबरदस्ती वसूली' और जो लोग पैसे देने से मना करते हैं, उन्हें फिल्म रिलीज़ होने से पहले ही नेगेटिव कवरेज का शिकार कैसे बनाया जाता है, इस बारे में एक लंबा नोट पोस्ट किया।

अभिनेत्री यामी गौतम ने फिल्मों के 'पेड प्रमोशन' की आलोचना की अभिनेत्री यामी गौतम ने अपने पति आदित्य धर की फिल्म ''धुरंधर'' के प्रदर्शन से पहले बॉलीवुड में फिल्मों के प्रचार के लिए भारी रकम खर्च करके फिल्म को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की प्रवृत्ति की आलोचना की और कहा कि पेड प्रमोशन का यह चलन फिल्म उद्योग के भविष्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगा। उन्होंने लिखा, ''एक बात है जो मैं बहुत समय से कहना चाह रही थी। मुझे लगता है आज वो दिन है और मुझे कहना ही होगा। फिल्म के प्रमोशन के नाम पर पैसे देने का ये तथाकथित चलन, ताकि फिल्म का अच्छा 'प्रचार' हो, वरना 'वे' (फिल्म रिलीज होने से पहले ही) लगातार नकारात्मक बातें लिखते रहेंगे, जब तक आप 'उन्हें' पैसे नहीं देते। ये एक तरह की जबरन वसूली जैसा लगता है।'' गौतम ने कहा, ''सिर्फ इसलिए कि यह व्यवस्था किसी के लिए भी सुलभ है, चाहे वह किसी फिल्म को 'प्रचारित' करने के लिए हो या किसी अन्य अभिनेता/फिल्म के खिलाफ नकारात्मकता फैलाने के लिए, यह एक ऐसी ''महामारी'' है जो हमारे उद्योग के भविष्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगी।'' ''उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'', ''बाला'' और ''विक्की डोनर'' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर गौतम ने स्थिति की तुलना दक्षिण सिनेमा उद्योग से की और कहा कि वहां ऐसा देखने को नहीं मिलता क्योंकि कलाकार एकजुट रहते हैं, इसलिए हिंदी सिनेमा में भी कुछ ऐसा ही करने की जरूरत है।

**ऋतिक रोशन ने यामी गौतम का साथ दिया**

उनकी काबिल को-स्टार ऋतिक रोशन ने भी उनका साथ दिया और X पर कमेंट किया, 'सबसे ज़रूरी बात जो खो जाती है और उन्हें और हम सभी को गरीब बना देती है, वह है पत्रकारों की सच्ची आवाज़, उन्हें फिल्म के पीछे की सभी क्रिएटिव ताकतों को यह बताने का मौका कि उन्होंने क्या महसूस किया, क्या सोचा, वे किस बात की तारीफ करते हैं और किस बात की आलोचना करते हैं। केवल सच्ची राय में ही वह क्षमता होती है जिससे फीडबैक हमें बेहतर बनने में मदद करता है। उनकी अपनी आज़ादी का अधिकार अनजाने में छीन लिया जाता है और इसी तरह हमारे विकास का मौका भी। अभिव्यक्ति की आज़ादी के बिना, सच्चाई के बिना जो हमें बेहतर बनने में मदद करती है, वे या हममें से कोई भी किस तरह की जॉब सैटिस्फैक्शन की उम्मीद कर सकता है?'

**धुरंधर रिलीज़**

धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। घ्इइघ गोवा में रणवीर द्वारा दैवस (जैसा कि ऋषभ शेट्टी ने का-ंतारा 2 में निभाया है) की मिमिक्री सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, एक्टर को लोगों के एक वर्ग द्वारा उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि उन्होंने अपने कामों के लिए माफी मांग ली है, लेकिन सोशल मीडिया का एक वर्ग उनके बॉयकॉट की मांग कर रहा है।

दूसरी ओर, जबकि मेकर्स ने इस बात से इनकार किया है कि यह फिल्म दिवंगत मेजर मोहित शर्मा पर आधारित है, उनके परिवार ने फिल्म के खिलाफ कानूनी केस दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उनकी सहमति या भारतीय सेना की मंज़ूरी के बिना उनके बेटे की जीवन कहानी और बलिदान का फायदा उठाती है।

कार्ड एवं स्टेशनरी




लेडिज सूट शॉप




आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ







बच्चों के डॉक्टर





गुप्त रोग विशेषज्ञ




नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ




लिवर रोग विशेषज्ञ




यूरोलॉजी विशेषज्ञ




मानसिक रोग विशेषज्ञ




हड्डी रोग विशेषज्ञ

